सत्यमेव जयते
केन्द्रीय सतर्कता आयोग
CENTRAL VIGILANCE COMMISSION
केन्द्रीय सतर्कता आयोग CENTRAL VIGILANCE COMMISSION
सतर्कता भवन, जी.पी.ओ. कॉम्पलैक्स,
ब्लॉक–ए, आई.एन.ए., नई दिल्ली–110023
Satarkta Bhawan, G.P.O. Complex,
Block A, INA, New Delhi-110023

संख्या – 024/वीजीएल/128
दिनांक : 19.08.2024

विषय: सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अनुपालन के संबंध में।

यह आयोग के दिनांक 01.08.2024 के परिपत्र संख्या 08/08/24 के संदर्भ में है, जो सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 आरंभ होने से पहले, 16 अगस्त 2024 से 15 नवंबर 2024 तक तीन माह के अभियान में लिए जाने वाले पाँच निर्देशात्मक केंद्रित क्षेत्रों में निवारक सतर्कता उपायों के संबंध में है।

2. मुख्य सतर्कता अधिकारियों से अनुरोध है कि वे सुनिश्चित करें कि आयोग के अनुदेश और उनमें उल्लिखित विभिन्न उपाय सचिव/सीएमडी/संगठन के अध्यक्ष के संज्ञान में लाए जाएं और कार्य योजना पर चर्चा की जाए। मुख्य सतर्कता अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि तीन माह की अभियान अवधि (16 अगस्त, 2024 से 15 नवंबर, 2024 तक) से संबंधित अनुदेश सभी कार्यालयों / इकाइयों को तत्काल प्रभाव से प्रचारित किए जाएं।

3. मुख्य सतर्कता अधिकारी अपने संगठन के लिए मसौदा कार्य योजना तैयार करें। आयोग पाँच निवारक सतर्कता उपायों के कार्यान्वयन में संगठनों की तत्परता के संबंध में शीघ्र ही मुख्य सतर्कता अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित करेगा, जो सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के लिए केंद्रित क्षेत्रों के रूप में चुने गए हैं।

ह०/-
(पी. डेनियल)
सचिव

प्रति :

सभी मुख्य सतर्कता अधिकारी